हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री


14 करियर उन्मुख शिक्षा ही नहीं, संस्कार व नैतिक मूल्य...



14 नाबालिग को बहला-फुसलाकर कई...






## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

# जेल के प्रत्येक बंदी को न्याय दिलाने का संकल्प, नि:शुल्क विधिक सहायता पर जोर

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कांकेर

न्याय व्यवस्था को और अधिक संवेदनशील तथा प्रभावी बनाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार टामक ने मंगलवार को जिला जेल कांकेर का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को भी गंभीरता से सुना। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए आश्वस्त किया कि न्याय तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से उन बंदियों के लिए नि:शुल्क

## जिला जेल कांकेर का न्यायिक निरीक्षण, बंदियों से किया गया सीधे संवाद

### आधुनिक तकनीक का करें उपयोग

निरीक्षण के दौरान आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया, ताकि बंदियों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल से जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता आने की उम्मीद जताई गई।





### निरीक्षण के दौरान यह रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शांति प्रभु जैन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी सहित अन्य अधिकारी के अलावा जेल का समस्त स्टाप भी उपस्थित रहे।

जाए। इस अवसर पर उन्होंने बंदियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए नियमित व्यायाम, योग और संतुलित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सकारात्मक जीवनशैली से न केवल स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि मानसिक संतुलन भी बना रहता है, जो पुनर्वास की दिशा में सहायक है। जेल परिसर में उपलब्ध भोजन एवं पेयजल की व्यवस्थाओं का भी उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया और गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बंदियों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शहर में जलसंकट से निपटने नपा की पहल, 4 टैंकरों से होगी पानी की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कांकेर

- घड़ी चौक फायर स्टेशन से विधायक नेताम ने दिखाई हरी झंडी
- लंबे समय से पानी की किल्लत से जूझ रहे वार्डों को मिलेगी राहत

भीषण गर्मी के शुरू होने के पहले ही शहर के कई वार्डों में पेयजल संकट लोगों की सबसे बड़ी चिंता शुरू हो जाती है। ऐसे समय में नगर पालिका ने राहत की बड़ी पहल करते हुए चार नए पानी टैंकरों को जनता की सेवा में समर्पित किया।

घड़ी चौक स्थित फायर स्टेशन परिसर में टैंकरों का लोकार्पण कर हरी झंडी दिखाते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को पूरा करना किसी भी जनप्रतिनिधि और शासन-प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। वर्तमान समय में जिस प्रकार गर्मी लगातार बढ़ने वाली है और जलस्तर नीचे जाएगा, उसे देखते हुए नगर पालिका द्वारा पानी टैंकरों की व्यवस्था करना एक दूरदर्शी और सराहनीय कदम है। इससे शहर के उन वार्डों को विशेष राहत मिलेगी, जहां लंबे समय से पानी की किल्लत बनी हुई थी। लोग रोजमर्रा ▶▶| शेष पेज 12 पर



### कई वार्डों के लिए बड़ी राहत

नगर पालिका के सीएमओ पवन मेरिया से हरिभूमि ने इस विषय पर कहा कि नगर पालिका द्वारा शुरू की गई यह सुविधा विशेष रूप से उन वार्डों के लिए राहतकारी साबित होगी, जहां लंबे समय से जल संकट बना हुआ है। गर्मी के मौसम में जल स्तर गिरने से लोगों को पेयजल के लिए जूझना पड़ता है, ऐसे में यह टैंकर नियमित रूप से पानी पहुंचाकर समस्या को काफी हद तक कम करेंगे। नगर पालिका का उद्देश्य स्पष्ट है कि शहर का कोई भी घर पानी की समस्या से परेशान न हो।

# पीएमश्री सेजेस में विश्व जल दिवस पर संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- जागरुकता कार्यक्रम में पानी के महत्व को बताया
- पानी जीवन का आधार है, प्रत्येक बूंद कीमती

पीएमश्री सेजेस में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य अजय नेताम के मार्गदर्शन में हुआ। विद्यार्थियों को जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य अजय नेताम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व जल दिवस प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1993 में की गई थी, जिसका उद्देश्य लोगों को ताजे पानी के महत्व और जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या बनती जा रही है और यदि समय रहते इसके संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में इसके दुष्परिणाम और भी गंभीर हो सकते हैं। शाला विकास समिति के अध्यक्ष अशोक जैन ने भी विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल के महत्व पर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### कोयलीबेड़ा के शिक्षक 4 अप्रैल को करेंगे दिल्ली के लिए कूच



**पखांजुर।** विकासखंड कोयलीबेड़ा के शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किए जाने के फैसले के विरोध में आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। शिक्षकों ने बताया कि 4 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में भाग लेकर उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में शालेय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गणेश दास, कार्यकारी जिला अध्यक्ष रंजीत कर, संभाग अध्यक्ष विवेक राय, जिला उपाध्यक्ष अशोक मृदा, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश नेताम, नवीन शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बलविंदर कौर समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# हाथ भट्टी से बनी 13 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कांकेर





थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र में चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनो आरोपी के कब्जे से कुल 13 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 मार्च मुखबिर से जानकारी मिली थी कि आरोपी अवैध रूप से महुआ शराब बेचने का काम करता है। अपने पास महुआ शराब रखा हुआ है। पुलिस ने संजयपारा क्षेत्र में छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी संजयपारा भानुप्रतापपुर निवासी 41 वर्षीय ज्ञानेश्वर बघेल को उसके घर के पास अवैध रूप से महुआ शराब के साथ पकड़ा। पुलिस ने मौके से 6 लीटर देशी महुआ शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। दूसरी कार्रवाई में भानुप्रतापपुर पुलिस ने 24 मार्च को ग्राम बांसला में दबिश दी गई, जहां आरोपी बड़ेपारा बांसला निवासी 21 वर्षीय मनोज यादव पिता हलाल सिंह यादव के कब्जे से 7 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब को बरामद कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## शराब खरीदने गए युवक से मारपीट

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत शुभपल्ली में शराब खरीदने की बात को लेकर विवाद हो गया। आरोपी ने कोई भी समय शराब खरीदने के लिए आ जाने की बात कहते हुए हाथ मुक्का व लात से मारपीट किया। पीड़ित ने घटना की शिकायत थाना में किया, जिस पर पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद मर्ग कायम किया। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे शुभपल्ली पखांजूर प्राथी ने पुलिस को बताया कि वाहन चालक का काम करता हूं और 23 मार्च को शाम 6 बजे शुभपल्ली पखांजूर निवासी मिंटु उर्फ सोनू सरकार पिता लक्ष्मण सरकार के यहां शराब लेने गया था। मिंटु सरकार उर्फ सोनु मुझे बाद में आना बोला तो मैं बोला कि मुझे अभि शराब कि जरूरत है। इतने में मिंटु सरकार मुझसे नाराज होकर गाली देने लगा। तब मिंटु सरकार को उर्फ सोनु को गाली देने से किया तो आरोपी ने तुम कौन होते हो और किसी भी समय शराब लेने के लिए आ जाते हो कहकर जान से मार डालूंगा कहते हुए हाथ मुक्का थप्पड़ से तथा जमीन में गिराकर लात से मारपीट किया है। मारपीट से चेहरा, बांए हाथ, बांए पैर, पिठ, सिना में दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मिन्टू सरकार के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## संयुक्त संचालक लोक शिक्षण बस्तर संभाग ने की समीक्षा

# पीएमश्री विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षकों को दिए लक्ष्य आधारित निर्देंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर विस्तार से की गई चर्चा

संयुक्त संचालक,लोक शिक्षण बस्तर संभाग एचआर सोम के कांकेर प्रवास के दौरान जिले की शिक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात एचआर सोम ने पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ▶▶| शेष पेज 12 पर



### परिणामों में सुधार लाने उपायों पर जोर

इसके अलावा विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं भवन, पेयजल, शौचालय एवं बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए नवाचार अपनाने, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि विद्यार्थियों का सतत शैक्षणिक विकास सुनिश्चित किया जा सके।




# राजस्व पखवाड़ा के माध्यम से किसानों की समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल किसान मोर्चा भानुप्रतापपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक 24 मार्च को आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यों और प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित होने वाले राजस्व पखवाड़ा 2026 को सफल बनाने और किसानों को इसका लाभ दिलाने का संकल्प लिया गया। बैठक के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह-प्रचार प्रसार मंत्री नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में किसान मोर्चा निरंतर सेवा कार्यों में संलग्न है, राजस्व

## तीन चरणों में किया जाएगा आयोजित



### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला भाजपा महामंत्री राजा पांडे, भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर के महामंत्री राजू श्रीवास, गिरधारी नरेटी, जिला भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष संदीप सिंह ठाकुर, जिला सह-मीडिया प्रभारी लक्ष्मण कुलदीप, मंडल अध्यक्ष सन्नी राम कोरेटी, मंडल महामंत्री रवि ठाकुर, प्रमेश कावदे, उपाध्यक्ष समारू नागवंशी, अनिल सिन्हा, पवन जैन सहित किसान मोर्चा के समस्त सदस्य एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

पखवाड़ा किसानों के अधिकारों के समाधान का एक सुनहरा अवसर है। इस अभियान के माध्यम से नामांतरण, बंटवारा, नक्शा सुधार, खसरा त्रुटि सुधार, किसान किताब, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र और भूमि विवादों का त्वरित निराकरण समय-सीमा में किया जाएगा। यह पखवाड़ा तीन चरणों में संपन्न होगा, प्रथम चरण 1 से 15 अप्रैल, द्वितीय चरण 4 से 18 मई और तृतीय चरण 1 से 15 जून तक। ग्राम स्तर पर जाकर किसानों को जागरूक करें। किसान अपने ऑनलाइन अभिलेखों का मिलान मैन्युअल रिकॉर्ड से करें और किसी भी त्रुटि की स्थिति में तत्काल आवेदन प्रस्तुत करें, अभियान किसानों को दफ्तरों के चक्कर, अनावश्यक आर्थिक व्यय और मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने का सशक्त माध्यम है।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर थल सेना भर्ती परीक्षा से पहले मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। भारतीय थल सेना द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा का आयोजन संभावित रूप से 1 जून से 15 जून लिया जा सकता है। परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे वे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी स्वयं या रोजगार कार्यालय में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए रोजगार विभाग छत्तीसगढ़ की वेबसाइट, च्वाइस सेंटर अथवा अन्य माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### छापर भानपुरी में 51 कमजोर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**जगदलपुर।** आकांक्षी विकासखंड तोकापाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत छापर भानपुरी में मंगलवार को संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।
एकीकृत बाल विकास सेवा विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और पोषण संबंधी परामर्श प्रदान करना था। इस विशेष शिविर में ग्राम छापर भानपुरी, सिरिसगुड़ा, कोंडालूर और घाट धनोरा के कुल 51 कमजोर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र गायकवाड़ ने बच्चों की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिए और जरूरत के अनुसार दवाइयों का वितरण भी किया।

### एससीव्हीटी पूरक परीक्षाएं 1 अप्रैल से

**जगदलपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बस्तर के प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी अनुसार राज्य व्यावसायिक एससीव्हीटी पूरक परीक्षा अप्रैल-2026 के आयोजन की तिथि निर्धारित कर दी गई है, जिसमें पूर्व प्रशिक्षणार्थी शामिल हो सकते हैं। यह परीक्षाएं आगामी 1 अप्रैल से शुरू होकर 10 अप्रैल तक संपन्न होंगी, जिसमें बस्तर आईटीआई के विभिन्न व्यवसायों के पात्र पूर्व प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित होकर अपनी योग्यता प्रमाणित कर सकेंगे।

### कलेपाल में एचपीवी वैक्सीनेशन का शुभारंभ

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलेपाल में 24 मार्च को स्वास्थ्य जगत के एक महत्वपूर्ण अभियान का आगाज हुआ। क्षेत्र की किशोरियों को भविष्य में होने वाले गर्भाशय के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एच.पी.वी.) वैक्सीन का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य मालती मौर्य उपस्थित रहीं, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरुआत की।

## भगवती मानव कल्याण संगठन का आयोजन, निकाली जन-जागरण रैली

# नवरात्रि पर नशामुक्ति का संकल्प जामगांव में शक्ति चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरहरपुर

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 23 मार्च को ग्राम जामगांव में भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा एक भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन द्वारा यहां 5 घंटे का अखंड सामूहिक शक्ति चालीसा पाठ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। साथ ही समाज को नशा मुक्त और चरित्रवान बनाने का शंखनाद किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने वर्तमान समाज की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज चोरी, लूटपाट, भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराधों का मुख्य कारण नशा ही है। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, समाज का हर वर्ग आज नशे की गिरफ्त में है। इसी को ध्यान में रखते हुए भगवती मानव कल्याण संगठन /"नशा मुक्त, मांसाहार मुक्त और चरित्रवान समाज/" के निर्माण हेतु गांव-गांव जाकर अलख जगा रहा है। यह अभियान केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि




देश-विदेश तक जन-जन को सुधारने की एक विशेष मुहिम बन चुका है। चालीसा पाठ के पश्चात एक विशाल नशा मुक्ति जन-जागरण रैली निकाली गई। इस रैली में नरहरपुर तहसील के ग्राम उम्रदा, किशुनपुरा, डोडर पहाड़, रामपानी, सरही, धावड़ाभाटा, आमापारा, चनागांव और बिंद्रापानी सहित आसपास के अनेक गांवों के लोग शामिल हुए। नशा छोड़ो, समाज जोड़ो के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। जामगांव के इस आयोजन में स्थानीय सरपंच, पटेल, महिला स्वास्थ्य सहायता समूह और महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी रही। गांव के बुजुर्गों ने भी इस मुहिम को अपना पूरा समर्थन दिया और युवाओं को नशे के चंगुल से निकलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भगवती मानव कल्याण संगठन, तहसील नरहरपुर के अध्यक्ष व टीम प्रमुख राजेश नेताम, कोषाध्यक्ष घुरऊ राम मरकाम और युवा मोर्चा अध्यक्ष कीर्तन नेताम का नेतृत्व सराहनीय रहा और साथ ही तुकाराम नेताम, नाथूराम, विकोदर, पंचम पाटिल, सुखलाल पटेल, वेद प्रकाश, जितेन, अमित, राधिका, योगिता, राजेश सुरोजिया, चंद्रिका, शंभू पड़ोसी सहित कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# उल्लास महापरीक्षा का आयोजन, परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर

विकासखंड कोयलीबेडा अंतर्गत आयोजित उल्लास महा परीक्षा के विभिन्न पंचायतों एवं परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अमिताभ सरकार द्वारा सभी केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया तथा संकुल स्तरीय मूल्यांकन कार्य भी संपन्न कराया।

इस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला देवदा, पीवी 66, बी 63, पीवी 68, पंचायत विकासपाली, सत्यानगर, बलरामपुर, भिंगिडर, पीवी 124, बारदा सड़क पारा सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी केंद्रों में केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी, जिनमें मनोज कुमार, विपुल सिकदर, नरेश साहू, रश्मि विश्वास, धर्मेंद्र भाई, भोमराज ताराम, सुदामा राम, रोटी गोविंद, लाल बिहारी एवं चितरंजन जी सहित सभी केंद्राध्यक्ष उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। सभी केंद्रों में अभ्यर्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही तथा ग्रामवासियों ने उत्साह और उल्लास के साथ परीक्षा में सहभागिता की। सभी के समन्वित प्रयासों से परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। साथ ही मूल्यांकन कार्य भी सुचारू रूप से संपन्न कराया गया।

# कीट पर्यावरण संतुलन, मिट्टी की उर्वरता परागण व आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम
- कीटों की विशेषताओं और उनके महत्व को बताया



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में कीटों की बहुमुखी भूमिका विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाराष्ट्र गढ़चिरौली के कीट वैज्ञानिक डॉ. लंकेश यशवंत भैसारे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. चेतन राम पटेल ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और इसे ज्ञान के आदान-प्रदान का प्रभावी माध्यम बताया। मुख्य वक्ता डॉ. भैसारे ने अपने व्याख्यान में कीटों की विशेषताओं और उनके महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कीट पर्यावरण संतुलन, मिट्टी की उर्वरता, परागण और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग और आवास नष्ट होने के कारण कीटों की घटती संख्या पर चिंता जताई और संरक्षण की आवश्यकता बताई। विद्यार्थियों को फील्ड में कीटों के संग्रहण और पहचान की विधियों की भी जानकारी दी गई।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में 9वीं में प्रवेश के लिए 17 तक लेंगे आवेदन

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 17 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट एवं एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए सघन तैयारी कराई जाती है। इसके लिए राज्य में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। सहायक आयुक्त ने जया मनु ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 24 मार्च से शुरू हो चुकी है। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 18 से 21 अप्रैल तक किया जा सकेगा तथा जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 22 से 28 अप्रैल तक किया जाएगा। प्रवेश पत्र 01 से 09 मई तक डाउनलोड किया जा सकता है। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 10 मई को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित होगी। इच्छुक विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय तथा प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर से संपर्क किया जा सकता है।

जनपद पंचायत में समीक्षा बैठक

# निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा करें: सीईओ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों के सचिव उपस्थित रहे, जहां विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान आगामी माह अप्रैल में आयोजित होने वाले सुशासन तिहार को ध्यान में रखते हुए पूर्व तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी पंचायतों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं से जुड़े कार्यों को समय पर पूर्ण कर लिया जाए, ताकि आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें। इसके साथ ही समर्थ पोर्टल में सभी पंचायतों से करदाताओं की डिमांड जनरेट करने तथा मार्च 2026 तक प्रिया सॉफ्ट में 100 प्रतिशत एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सभी डेटा समयबद्ध तरीके से अपडेट किया जाना अनिवार्य है। बैठक में बस्तर विकास प्राधिकरण से स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा की गई, जिनमें सामुदायिक भवन, स्कूल भवन एवं रंगमंच निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं।

ग्राम पंचायत मंगहूर, चिहरो, कोण्डे, मेड़ो, गोड़पाल एवं जाड़ेकुर्से में चल रहे निर्माण कार्यों को 15 अप्रैल तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मनरेगा योजना के बंद होने के कारण लंबित आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों को अगले माह की 30 तारीख तक पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। सामुदायिक शौचालय एवं कचरा शेड निर्माण की प्रगति बढ़ाने पर भी जोर दिया गया और इन कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विकास विस्तार अधिकारी आरडी ठाकुर, करारोपण अधिकारी आरके किशोरे, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, अनुविभागीय अधिकारी देवेन्द्र हटिले, उपयंत्री विनय देवांगन, टीए अंकुर बघेल, बीसी पीएमएवाईजी प्रमोद ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं सभी पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर 3 साल तक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** थाना मर्दापाल क्षेत्र में शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने 13 मार्च को थाना मर्दापाल पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी डोलेश्वर कोर्राम 35 वर्ष, निवासी बड़ेकुरूषनार पूरनबेड़ा पारा ने उसे शादी करने और पत्नी के रूप में साथ रखने का झांसा देकर पिछले लगभग 3 वर्षों से लगातार शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी मार्च 2026 तक उसके साथ संबंध बनाता रहा, लेकिन बाद में



शादी से साफ इंकार कर दिया। शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(ड) एवं 66 के तहत मामला कायम किया और विवेचना प्रारंभ की। गिरफ्तार के लिए आला अफसरों ने टीम बनाई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 23 मार्च की सुबह लगभग 8:30 बजे आरोपी को उसके गांव बड़ेकुरूषनार से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया।

### *कार्रवाई में इनका रहा योगदान*

*पूरी कार्रवाई में थाना मर्दापाल के निरीक्षक राजकुमार सोरी, उप निरीक्षक नरेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह ठाकुर, हिरदुराम बघेल आरक्षक समीर नेताम, तोषण कश्यप, कृष्णा नेताम, विरेंश सिंह का विशेष योगदान रहा। यह कार्रवाई कानून व्यवस्था को मजबूत करने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।*

## पेज 11 के शेष...

### शहर में जलसंकट...

की जरूरतों के लिए परेशान थे। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार और स्थानीय निकाय का प्रयास है कि किसी भी नागरिक को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष न करना पड़े। जलसंकट के स्थायी समाधान के लिए भी निरंतर योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिनमें पाइपलाइन विस्तार, जल स्त्रोतों का संरक्षण और वर्षा जल संचयन जैसे कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केवल सरकार ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि वे पानी का संरक्षण करें और अनावश्यक बर्बादी से बचें। जनभागीदारी से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि शहर के विभिन्न वार्डों में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई थी, जिसे दूर करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी थी। हमारा लक्ष्य है कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे और किसी भी नागरिक को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थितः-** कार्यक्रम में मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन, दीपक खटवानी, जयंत अटभैया, नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद टिकेंद्र ठाकुर, पार्षद सलीम मेमन, पार्षद नरेंद्र साहू, पार्षद उकेश्वरी उईके, भाजयुमो अध्यक्ष संजू गोपाल साहू, टिकेश्वर सिन्हा, जीवन नेताम एवं समस्त पार्षद के अलावा सब इंजीनियर भोजराज सिन्हा, सब इंजीनियर पूजा साव, स्वच्छता प्रभारी वीरेंद्र लोन्हारे, राजस्व प्रभारी महेंद्र श्याम कार्तिक, तकनीकि सहायक अजय कुमार साहू एवं अन्य अमला उपस्थित रहा।

### पीएमश्री सेजेस में...

प्रकाश डालते हुए जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पानी जीवन का आधार है और इसकी प्रत्येक बूंद कीमती है, इसलिए हमें इसका सदुपयोग करना चाहिए और अनावश्यक बर्बादी से बचना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर निर्माण, चित्रकला, रंगोली एवं विचार संगोष्ठी प्रमुख रहे। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने जल संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

**बच्चों ने जल बचाने का लिया संकल्पः-** कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जल बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में व्याख्याता दिलीप सेवता सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जल संरक्षण के महत्व को समझा और इसे अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### पीएमश्री विद्यालयों का...

का दौरा किया। यहां उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। शिक्षकों के साथ आयोजित बैठक में उन्होंने शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निपुण भारत मिशन के तहत आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को प्राथमिकता देते हुए शिक्षकों को लक्ष्य आधारित कार्य करने के निर्देश दिए। संयुक्त संचालक ने पीएमश्री विद्यालयों में अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने तथा उसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अनुशासित वातावरण ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव होता है। इसके साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया और मूल्यांकन प्रक्रिया की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दौरे के दौरान जिला पंचायत सभाकक्ष में विकासखंड कांकेर, नरहरपुर एवं चारामा के खंड शिक्षा अधिकारियों, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों तथा संकुल समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाओं के सुचारू संचालन, मूल्यांकन की प्रगति, आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कार्ययोजना एवं लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई।

**ये रहे उपस्थितः-** बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं डीएमसी नवनीत पटेल, प्राचार्य रचना श्रीवास्तव सहित संबंधित विकासखंडों के खंड शिक्षा अधिकारी, सभी प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त पदाधिकारियों ने देवी का लिया आशीर्वाद



जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक अनिल लुक्कड, जिला संयोजक गोविन्द ईनाणी, सह संयोजक प्रकाश दुग्गड़, किशोर महावर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित बैस, गणेश काले एवं अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर माता से आशीर्वाद लेकर नये दायित्व को सुचारू रूप से संचालित करने आशीर्वाद लिया।

### जलसा-ए-पाक 28 को

जगदलपुर। हर साल की तरह इस साल भी शहर के संतोषी वार्ड में खादिम आसिक अजीज के निवास पर हजरत गैबन शाह पीर रहमतुल्लाह अलैह की शान में एक जल्दा-ए-पाक का आयोजन 28 मार्च को होगा। उक्त कार्यक्रम में दिन में 11 बजे सुबह से आम लंगर का आयोजन भी बाबा गैबन शाह के अकीदत मंदों द्वारा रखा गया है।

### यादव समाज के परिचय सम्मेलन में 16 जोड़ों का विवाह



जगदलपुर। नगर के दलपत सागर चौक स्थित कृष्ण मंदिर में बस्तर जिला यादव समाज द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 16 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन बस्तर जिला में पहली बार किया गया है जिसमें सामान्य परिवार के युवक, युवतियों का सामूहिक विवाह करवाया गया है। आने वाले समय में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे। समाज के संरक्षक लच्छिन यादव ने कहा कि इस सामूहिक विवाह में बस्तर के सुदूर अंचलों से यादव समाज के लोगों को चिन्हांकित कर यहां लाया गया। हर्राकोडेर और बोदली जैसे सुदूर क्षेत्रों से विवाह योग्य युवक युवती का यहां विधि विधान से विवाह संपन्न करवाया गया। ओबीसी महासभा के संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु ने कहा कि आगामी दिनों में सामाजिक आयोजन होंगे।

### 908 शिक्षक पदोन्नत होकर बने मिडिल स्कूल के हेडमास्टर

जगदलपुर। बस्तर संभाग में कार्यरत शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला ( नियमित/ एलबी) स्नातक एवं प्रशिक्षित का 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में अंतिम संयुक्त वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की गई। यह जानकारी देते हुए संयुक्त संचालक हेतराम सोम ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कुल 908 शिक्षकों की पदोन्नति मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक के पद पर की गई है। जिनके पदांकन के लिए काउंसलिंग की सूचना अलग से जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इनमें नियमित ई संवर्ग के 15 तथा एलबी के 15, नियमित टी संवर्ग के 166 तथा एलबी के 712 हैं।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ 202603140400032/ अ-6/ 2025-26

**:: उद्घोषणा ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज देहारी पिता स्व. कुंजल सिंह देहारी निवासी मैत्री संघ गली कुम्हारपारा, तह. जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला शीतलापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 6 डी, प्लाट नं. 49, क्षेत्रफल 1183 व.मी., पक्का मकान मय हाता, वार्षिक भू भाटक 297.00 रू., दा. 18.00 रु. ओझाराम, कुंजल सिंह पि. भारत, राजेन्द्र पि. भारत, बिन्दा बाई बेवा ओझूराम, खेमराज, नरेश कुमार पि.ओझूराम देहारी नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। पट्टेदार का पट्टेदार कुंजल सिंह पिता भारत की मृत्यु दिनांक 25.01.2023 को होने का उल्लेख करते हुये मृतक पट्टेदार का नाम अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिसों का नाम दर्ज करने तथा शेष पट्टेदारों का नाम यथावत रखे जाने मेन्टेनेंस खसरा, नक्शा, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार, शपथ पत्र, तलवाना सहित छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/ मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 24/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर


# राजस्व अधिकारी अफीम की अवैध खेती की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें : छिकारा

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जन दर्शन, सुशासन तिहार, जन चौपाल और समय सीमा के आवेदनों व प्रकरणों पर तत्काल निराकरण करने की बात कही।

कलेक्टर ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से आंगनबाड़ी के बच्चों का आधार अपडेट करवाएं, सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों का ई-एचआरएमएस में ऑनबोर्ड की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अवैध अफीम खेती की गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु शासन के निर्देशानुसार जिले में अफीम की अवैध खेती की जांच सभी राजस्व अधिकारियों से कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। वहीं रेत खदानों के संचालन के लिए ग्राम पंचायतों से एनओसी की प्रक्रिया पूर्ण कराने तथा निर्माण विभागों को खनिज रॉयल्टी जमा करने के निर्देश दिए। धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने 31 मार्च तक शत-प्रतिशत समितियों से धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न भंडारण में चावल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। कृषि क्षेत्र में एग्रीस्टैक के तहत किसानों के पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रगति की समीक्षा की।



### टीबी मुक्त बस्तर के लिए दिलाई शपथ

बैठक में टीबी मुक्त बस्तर जिला बनाने के लिए निक्षय मित्र के रूप राशि देने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र का वितरण कलेक्टर छिकारा द्वारा प्रदान किया गया और टीबी मुक्त बस्तर के लिए शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे ।

## बस्तर के विकास को नई ऊंचाई देंगे भूमिपूजन के ये कार्य

# मंत्री केदार कश्यप ने मुरकुची और पखना कोंगेरा में दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने मंगलवार को नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बस्तर विकासखंड में विकास की नई इबारत लिखी। क्षेत्र के सघन दौरे के दौरान मुरकुची और पखना कोंगेरा में आयोजित भव्य कार्यक्रमों में शिरकत की, जहाँ उन्होंने विधायक निधि से स्वीकृत कुल 56 लाख रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 10 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई, जिससे स्थानीय स्तर पर आवागमन और सामुदायिक सुविधाओं में व्यापक सुधार सुनिश्चित होगा।

केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर का समग्र विकास केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे धरातल पर उतारना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की राह में आने वाली हर बाधा को दूर करना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुलियाओं का निर्माण केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं है, बल्कि यह गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाली जीवनरेखा है। उन्होंने पूर्ववर्ती कठिनाइयों का स्मरण कराते हुए कहा कि बरसात के दिनों में छोटे-छोटे नालों के उफान पर होने के कारण ग्रामीणों, विशेषकर स्कूली बच्चों और मरीजों को जो परेशानियां झेलनी पड़ती थीं, अब ये नई पुलियाएं उन समस्याओं का स्थायी समाधान बनेंगी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रही जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही सुशासन की असली पहचान है। उन्होंने मीटर की पुलियाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि ये निर्माण कार्य स्थानीय परिवहन को सुगम बनाएंगे और कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने में किसानों की मदद करेंगे। साथ ही तारागांव में सामुदायिक भवन के निर्माण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए गांवों में सुरक्षित और पक्के भवनों का होना अनिवार्य है, ताकि ग्रामीण समाज एकजुट होकर अपनी परंपराओं का निर्वहन कर सके।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामीण उपस्थित थे।



### बुनियादी सुविधाओं का विस्तार निरंतर जारी रहेगा

कश्यप ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए अपील की कि वे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर स्वयं भी नजर रखें, क्योंकि यह संपत्ति उनकी अपनी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नारायणपुर विधानसभा के हर कोने में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार निरंतर जारी रहेगा और धन की कमी को कभी विकास में बाधक नहीं बनने दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मंत्री का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया और क्षेत्र में आ रही इस विकास की लहर के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# माहेश्वरी युवा संगठन को मिला नया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



माहेश्वरी युवा संगठन के सत्र 2026–2028 के लिए अध्यक्ष एवं सचिव पद का चुनाव माहेश्वरी भवन में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से विकास राठी को अध्यक्ष एवं विशाल राठी को सचिव निर्वाचित किया गया।

चुनाव अधिकारी मनीष इनानी

- विकास राठी बने अध्यक्ष, विशाल राठी सचिव निर्वाचित

एवं प्रवीण गांधी के मार्गदर्शन में पूरी प्रक्रिया हुई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सेवा,त्याग और सदाचार के पथ पर चलते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी वरिष्ठजनों,युवा साथियों एवं मातृशक्ति के सहयोग और विश्वास के लिए कृतज्ञता प्रकट की तथा संगठन को शहर,जिला,प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

उन्होंने पूर्व कार्यकारिणी के योगदान को भी सराहा और सत्र 2023–2026 के सफल कार्यकाल के लिए निवर्तमान अध्यक्ष राकेश राठी, सचिव गोपाला चांडक एवं उनकी टीम को बधाई दी। उनके कार्यों को संगठन के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए नई टीम ने उसी समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता जताई।

नवगठित टीम ने स्पष्ट किया है कि आने वाले कार्यकाल में संगठनात्मक एकता, सामाजिक सेवा,युवा सशक्तिकरण और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी सदस्यों के सहयोग और सहभागिता से संगठन को नई दिशा देने का लक्ष्य रखा गया है,जिससे समाज में सकारात्मक योगदान के साथ-साथ माहेश्वरी युवा संगठन की पहचान और प्रभाव को व्यापक स्तर पर स्थापित किया जा सके।

## आजादी के लिए शहादत देने वाले देशभक्तों को किया याद



जगदलपुर। महान क्रान्तिकारियों भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस पर उनका स्मरण करते हुए 23 मार्च को प्रगतिशील लेखक संघ जगदलपुर द्वारा ऑल इंडिया वीमेंस फेडरेशन, ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन और ऑल इंडिया स्टुडेंट फेडरेशन के साथ कार्यक्रम इंद्रजीत सिंह भवन में किया गया । आरंभ में जगदीश चन्द्र दास ने स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारी संगठनों और क्रांतिकारियों की ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध संघर्ष की पृष्ठभूमि रखी। शहीदे आजम भगतसिंह की प्रखर वैचारिक चेतना पर अपने विचार रखते हुए त्रिशिया झाड़ी, महेंद्र सोरी, मंगलराम और मदन आचार्य ने उन्हें युगांतरकारी क्रांतिकारी कहा जिन्होंने महज तेईस साल की उम्र में वो विरासत दी जिससे देश के युवा और राजनेता युगों तक प्रेरणा लेते रहेंगे। कार्यक्रम में राधा झाड़ी, महंती बघेल, भक्तु राम वट्टी, फूलधर मंडावी, जुगधर कुंजाम, राजेश कोर्राम, राजेंद्र सेठिया ,बालमन राम, धन्नू सोढ़ी, पप्पू राम, भुनेश्वर कश्यप, लखमा कवासी, दीपक मुचाकी ,सुनील मंडावी, गुड्डू मुचाकी, गणेश कुमार मरकाम, चंदन कश्यप, तुला सोढ़ी, हड़मा मरकाम, सुरेश मरकाम,राजू कश्यप तथा हरीश कुमार उपस्थित थे।

# राम जन्मोत्सव समिति एवं विश्व हिंदू परिषद ने निकाली चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राम नवमी के पावन अवसर को लेकर नगर में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है। विभिन्न आयोजनों

- मातृशक्ति की सहभागिता से दंतेश्वरी मंदिर में हुआ भव्य आयोजन
- आज आमंत्रण बाइक रैली, जन-जन को दिया जाएगा निमंत्रण

की श्रृंखला के तहत 23 मार्च को राम जन्मोत्सव समिति एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें नगर की सैकड़ों मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। काशी से



लाई गई पवित्र चुनरी को बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी को अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक एकता और सहभागिता का भी संदेश दिया। आयोजन को सफल बनाने में राम जन्मोत्सव समिति एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही, वहीं मातृशक्ति की बड़ी भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

राम नवमी के आयोजन को और व्यापक स्वरूप देने के लिए 25 मार्च को दोपहर 3 बजे दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से आमंत्रण बाइक रैली निकाली जाएगी। इस रैली के माध्यम से बजरंग दल के कार्यकर्ता नगर के प्रत्येक वार्ड एवं आसपास के ग्रामों तक पहुंचकर सनातन समाज को राम जन्मोत्सव में सम्मिलित होने का निमंत्रण देंगे। इस वर्ष आयोजन में बस्तर के जनजातीय समाज को विशेष महत्व दिया गया है, जिसके तहत स्थानीय नृत्य दलों को आमंत्रित कर बस्तर की समृद्ध कला, संस्कृति और लोक परंपराओं की झलक प्रस्तुत की जाएगी।

राम जन्मोत्सव समिति की उपाध्यक्ष जविता मंडावी एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी द्वारा आयोजन की जानकारी देते हुए समस्त सनातन समाज से अपील की गई कि वे इस धर्मकार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करें और बाइक रैली में अधिक से अधिक युवा सहभागिता सुनिश्चित कर एकता का परिचय दें।

विधायक ने चार पंचायतों को दिए टैंकर

# गर्मी में परेशान लोगों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

जिले में बढ़ती गर्मी और जल संकट की आशंका को देखते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने चार ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर उपलब्ध कराए। 23 मार्च को ग्राम कुटरू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह टैंकर ग्रामीणों को सौंपे। विधायक के नेशनल पार्क दौरे के दौरान ग्राम पंचायत सैंड्रा, एडापल्ली,



बड़ेकाकलेड एवं सागमेटा के ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर पानी के टैंकर की मांग रखी थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक निधि से टैंकर उपलब्ध कराने की घोषणा की थी, जिसे अब अमल में लाया गया।

कार्यक्रम में संबंधित पंचायतों को पानी के टैंकर सौंपे गए, जिससे आने वाले गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। टैंकर मिलने से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया उन्होंने विधायक का आभार माना। ग्रामीणों ने कहा कि हर साल गर्मियों में पानी की समस्या गंभीर हो जाती है, लेकिन इस बार पहले से व्यवस्था होने से उन्हें काफी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर, शंकर कुड़ियम, सोमारू राम नाग, संतोष यालम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के सरपंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



### बेड़ागांव के हिंगलाज शक्तिपीठ पहुंचे केदार

जगदलपुर। बकावंड ब्लाक के प्राचीन देवी हिंगलाजिन मंदिर में मंगलवार को वन मंत्री केदार कश्यप ने पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। मंदिर के संरक्षक अजय सिंह बैस तथा पुजारी समेत सेवादारों ने उनका स्वागत किया। मंदिर की व्यवस्था एवं सुविधाओं पर उन्होंने चर्चा की।

# सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत चतुर्थ चरण में जिला स्तरीय प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन कृषि महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुखजनों की उपस्थिति में समसामयिक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। गोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने वर्तमान सामाजिक चुनौतियों पर अपने विचार रखे। धर्मांतरण की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि केवल विधायी उपाय पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को सजग और सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सामाजिक जागरूकता, संवाद और समरसता के माध्यम से ही इस चुनौती का स्थायी समाधान संभव है।



मुख्य वक्ता द्वारा बस्तर के अबूझमाड़ क्षेत्र में जनजातीय समाज के बीच फैलाई जा रही भ्रांतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें दूर करने की आवश्यकता बताई गई। भगवान राम और माता शबरी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए सामाजिक समरसता और समानता का संदेश दिया गया। साथ ही बस्तर की पारंपरिक जीवन शैली, प्रकृति पूजा,सांस्कृतिक विरासत और वर्तमान परिवर्तनों के बीच संतुलन बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में शंका समाधान सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थितजनों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख भरत भूषण, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम,प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा एवं जिला संघचालक योगेश्वर सिन्हा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गोष्ठी में सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण और जागरूकता को केंद्र में रखते हुए विभिन्न पहलुओं पर क्रमबद्ध चर्चा की गई, जिसमें धर्मांतरण की चुनौती से निपटने के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी, जनजातीय क्षेत्रों में फैल रही भ्रांतियों के निराकरण की आवश्यकता, भगवान राम एवं माता शबरी के प्रसंग के माध्यम से समानता और एकता का संदेश एवं प्रकृति पूजा की महत्ता, तथा बदलते परिवेश में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों पर विशेष जोर दिया गया।

### पुलिस की तत्परता से मासूम सुरक्षित पहुंचा परिजनों के पास

बचेली। पुलिस की मुस्तैदी गुरुवार को देखने को मिला जब मौर्या पेट्रोल पंप के पास एक 3 वर्षीय मासूम बच्चा रोते मिला। लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को सुरक्षित अपनी अभिरक्षा में लिया। बच्चा डरा-सहमा हुआ था वह कुछ भी स्पष्ट बताने की स्थिति में नहीं था। पुलिस ने आसपास पूछताछ शुरू कर दी। बच्चे की पहचान रोशन इस्तम पिता धनीराम इस्तम निवासी दशरथ पारा के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों का पता लगाकर मासूम को सुपुर्द कर दिया। लापता बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार माना। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक प्रहलाद निर्मल, आरक्षक अजीत पैकरा और मुन्ना लाल मौर्य का विशेष योगदान रहा।


HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### डूबने से बच्चे की हुई मौत, मर्ग हुआ कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 44 वनश्रीनगर के तीन साल के बच्चे की तालाब में डूबने से 23 मार्च को मौत हो गयी। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि गौरव हालदार पिता गोपेश हालदार तालाब में डूब गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गयी। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक ने तोड़ा दम, मामला कायम

**कांकेर।** थाना कोयलीबेड़ा अंतर्गत 21 वर्षीय सुखनाथ उसेंडी पिता स्व. बुधराम उसेंडी का गंभीर चोट आने की वजह से 13 मार्च को मौत हो गया।
पुलिस से मिली जानकारी अनुसार चारगांव के बीएसएपु कैम्प मोड़ के पास मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। थाना कोयलीबेड़ा से मर्ग डायरी सिकसोड़ थाना में लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आंगनबाड़ी अब सुबह 7 से 11 बजे तक खुलेगी

**कांकेर।** प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकाल की अवधि में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि आगामी 01 अप्रैल से 30 जून तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की समयावधि 6 घण्टे से घटाकर 4 घण्टे की गई है।
समयावधि में उक्त परिवर्तन करने पर आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन प्रातः 07 से 11 बजे तक किया जाएगा। ग्रीष्मकाल समाप्ति के उपरांत 1 जुलाई से पुनः आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुबह 9.30 से अपराह्न 3.30 बजे तक 6 घण्टे के लिए किया जाएगा।

# करियर उन्मुख शिक्षा ही नहीं, संस्कार व नैतिक मूल्य भी आवश्यक

## संघर्ष से सफलता तक पूर्व छात्रों ने साझा किए प्रेरणादायक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

स्मृतियों के झरोखे से छात्र शिक्षक मिलन समारोह का शानदार आगाज पीएमश्री सेजेस नरहरपुर के प्रांगण में 21 मार्च को आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षक छात्रों के साथ इस संस्था से उत्तीर्ण होकर समाज में व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा, सेना, पुलिस, राजनीति, कृषि, समाज-सेवा, कला-संगीत के साथ-साथ प्रशासनिक क्षेत्र में पहुंचकर देश प्रदेश में अपनी अमूल्य सेवाएं देने वाले भूतपूर्व छात्रों के साथ इस विद्यालय सेवानिवृत्त अभूतपूर्व शिक्षकों का मिलन समारोह हुआ।

अध्यनरत विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने मंच के समां को बांधकर पूर्व छात्रों की स्मृतियों को तरोताजा किया। दूसरी ओर भूतपूर्व छात्रों ने अपने अनुभव, परिश्रम और शिक्षकों द्वारा दिए गए डांट फटकार की मीठी यादों को साझा करते हुए बताया कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज संसाधनों की कमी नहीं है, फिर भी मोबाइल और अन्य आकर्षणों में समय व्यर्थ करना युवा ऊर्जा का दुरुपयोग है। वक्ताओं ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में केवल कैरियर उन्मुख शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार एवं नैतिक मूल्यों को भी अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने तथा उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### पूर्व विद्यार्थियों ने जताया आभार

पूर्व विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रशासन और विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया, जिनके प्रयासों से एलुमिनी मीट के द्वारा स्कूल के पुराने दिन को फिर से जी लेने का मौका मिला और विचार प्रस्तुत किया कि पूर्व छात्रों का मिलन समारोह सभी विद्यालयों में आयोजित होना चाहिए। शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने जहाँ योजना और मार्गदर्शन में विशेष भूमिका निभाई, वहीं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने अपनी निष्ठा और कड़ी मेहनत से व्यवस्थाओं को सुचारू बनाया। विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य के विशेष योगदान ने इस एलुमिनी मीट को एक परिवार के पुनर्मिलन जैसा स्वरूप प्रदान किया।



**इनकी रही मौजूदगी:-** कार्यक्रम में प्राचार्य एनएस साहू, एसएमसी अध्यक्ष राजेश नाग, हिमालय सिंह गंगराले, सज्जन दास मानिकपुरी, बीआर मरकाम, जेआर मरकाम, बेनिदिता कुजूर, नेकराम सिन्हा, नरेंद्र मोहन शर्मा, अलका शर्मा, रोमनलाल सोनबेर, रत्तीराम कोड़ोपी, टेश्वर वर्मा आदि मौजूद रहे।

## अपराध : चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार, कई फरार

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर कई युवाओं ने 10 लाख की करवाई चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शहर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां नाबालिग बालक को बहला-फुसलाकर उससे घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी की चोरी करवाई गई।

- सोना एचं चांदी खरीदी करने वालों की भी पुलिस कर रही तलाश

पुलिस ने इस मामले में तीन चोर को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 10 लाख है। इस मामले में तीन से चार आरोपी फरार है, वहीं सोना एवं चाँदी की खरीदी करने वालों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस इनको आरोपी बनाती है या माफ कर देती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

पुलिस के अनुसार शीतलापारा निवासी एक 28 साल की मुस्लिम महिला ने 23 मार्च को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया था कि विगत दो माह से उसके नाबालिग पुत्र को मोहल्ले के कुछ युवक अपने प्रभाव में लेकर घर से जेवरात और नकदी चोरी करवाकर अन्य लोगों को बेच रहे थे। जांच में सामने आया कि आरोपी मदनी मेमन, अजीम खान और फैजल खान ने नाबालिग को घूमने-फिरने और खर्चा देने का लालच दिया था। धीरे-धीरे उसे अपने प्रभाव में लेकर घर के लॉकर से सोना-चांदी के जेवर और नकदी निकालकर लाने के लिए उकसाया। करीब दो महीने तक नाबालिग बालक घर से चोरी कर आरोपियों को सामान देता रहा। ईद के दौरान जब परिवार ने लॉकर चेक किया तो जेवरात और नकदी गायब मिला, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ।

चोरी किए गए सामान में सोने के झुमके, टॉप्स, चैन-लॉकेट, अंगूठियां, नाक की फुल्ली, मंगलसूत्र सहित चांदी के पायल, बिछिया, चाबी गुच्छा और करीब 1 लाख रुपए नकद शामिल हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें 23 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



### संगठित अपराध का मामला दर्ज

पुलिस ने गिरफ्तार तीन आरोपी अजीम खान पिता अमीन खान उम्र 21 वर्ष निवासी शीतलापारा, फैजल खान पिता अमीन खान उम्र 25 वर्ष निवासी शीतलापारा और मदनी मेमन पिता स्व. गुलाम उम्र 20 वर्ष निवासी महादेव वार्ड को 112 (2), 303 (2) बीएनएस के तहत कार्यवाही किया गया। इसके अलावा आरोपी फैजल खान के विरूद्ध थाना कांकेर में पूर्व में अपराध क्र. 510/23 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि, एवं अप.क्र. 353/25 धारा 115(2), 126 (2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के प्रकरण दर्ज होना पाया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 30 हजार नकदी, मोबाइल फोन, चांदी का ब्रेसलेट सहित अन्य सामान जब्त किया है।

# डुवा में मोबाइल नेटवर्क की समस्या, 5 जी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल के आश्रित ग्राम डुवा में स्थापित टावर में नेटवर्क की समस्या के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों ने टावर में बेहतर नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराने तथा 4जी सेवा को 5जी में अपग्रेड करने की मांग उठाई है।



ग्रामीणों के अनुसार ग्राम डुवा में लगभग पांच वर्ष पूर्व जियो कंपनी द्वारा जिससे क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा बेहतर होने की उम्मीद थी। वर्तमान में टावर होने के बावजूद नेटवर्क और इंटरनेट की गति संतोषजनक नहीं है। जिसके कारण ग्रामीणों को ऑनलाइन कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण दिनेश दुग्गा, लालचंद दुग्गा, पतिराम दुग्गा, चरण दुग्गा, मुरहा राम दुग्गा, लिकेश बोगा, जैन सिंह ऊके, चंपा लाल ताम्रकार,और रुपेश बोगा अशोक उइके सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि आज के समय में अधिकांश कार्य डिजिटल माध्यम से संचालित हो रहे हैं। नेट बैंकिंग, ऑनलाइन फोन पेय,लेन-देन, शासकीय योजनाओं की जानकारी, व्हाट्सएप, फेसबुक तथा अन्य ऑनलाइन सेवाएं मोबाइल नेटवर्क पर ही निर्भर हैं, लेकिन नेटवर्क की कमजोर स्थिति के कारण इन सभी कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। कई बार इंटरनेट की गति बेहद धीमी हो जाती है या नेटवर्क पूरी तरह से बंद हो जाता है, जिससे विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई और ग्रामीणों के डिजिटल कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जियो टावर में 4जी सेवा को 5जी में अपग्रेड कर दिया जाए और नेटवर्क क्षमता बढ़ाई जाए तो क्षेत्र के लोगों को बेहतर इंटरनेट सुविधा मिल सकेगी। इससे गांव में डिजिटल सेवाओं का उपयोग आसान होगा और ग्रामीणों को समय पर अपने कार्य निपटाने में सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने दूरसंचार कंपनी से मांग की है कि टावर की तकनीकी जांच कर नेटवर्क व्यवस्था को मजबूत किया जाए तथा जल्द से जल्द 5जी सेवा शुरू करने की दिशा में कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि बेहतर नेटवर्क सुविधा से न केवल गांव के लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी।

# शहीदी दिवस पर माय भारत की पहल, कांकेर में निकली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शहीदी दिवस के पावन अवसर पर जिले के धनेलीकन्हार में मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में माय भारत, मेरी जिम्मेदारी थीम के अंतर्गत पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने युवाओं में देशभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और जन-जागरूकता की भावना को मजबूत करने का सार्थक प्रयास किया।

- जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश पहुंचाया

पदयात्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेलीकन्हार से प्रारंभ होकर उप स्वास्थ्य केंद्र, बस स्टेशन होते हुए बाजार चौक धनेलीकन्हार तक निकाली गई। पूरे मार्ग में युवाओं का जोश, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। हाथों में तख्तियां और नारों के साथ युवाओं ने स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश आमजन तक पहुंचाया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं के भीतर राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना, उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित करना तथा समाज में सकारात्मक सोच और जागरूकता का वातावरण तैयार करना था। पदयात्रा के दौरान युवाओं ने शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत कांकेर के समर्पित एवं ऊर्जावान युवा साथियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कांकेर की भूमिका उल्लेखनीय रही, जहां जिले से बड़ी संख्या में स्काउट एवं गाइड सदस्य उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुड़े। यह पदयात्रा न केवल शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि का प्रतीक बनी, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में भी एक प्रभावी पहल साबित हुई। आयोजन ने यह संदेश दिया कि यदि युवा संगठित होकर सकारात्मक प्रयास करें, तो समाज में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में स्काउट जिला मीडिया टीम से हर्ष कुमार डोंगरे की भी सक्रिय उपस्थिति रही। इसके साथ ही माय भारत वॉलिंटियर अनिल मरकाम, भावेश साहू एवं अरुण कुमार नेताम सहित अन्य युवाओं ने भी अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई।




# भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर में प्रशिक्षण महापर्व की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा पर्व कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर में 25 एवं 26 मार्च को आयोजित होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। नेताओं ने प्रशिक्षण स्थल पर बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर संबंधित कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण महापर्व कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं कार्यकुशलता विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों एवं संगठन की कार्यप्रणाली को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही सभी तैयारियों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# गैस संकट और घटिया निर्माण के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। नगर के मुख्य चौक से लेकर कांकेर अमोडा मार्ग तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए आम जनता से जुड़ी समस्याओं को उठाया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार नरहरपुर को ज्ञापन सौंपा।

- मुख्य चौक से कांकेर अमोडा मार्ग तक की गई जमकर नारेबाजी
- मुख्यमंत्री के नाम पर तहसीलदार को ज्ञापन

धरना प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा घरेलू रसोई गैस की कमी रहा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे आम जनता और गृहिणियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों को समय पर गैस नहीं मिलने से रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन के दौरान सुरही के एकलव्य जाने वाले मार्ग पर हाल ही में बनी सीसी सड़क के घटिया निर्माण को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि निम्न गुणवत्ता के कारण सड़क निर्माण कार्य जल्द ही खराब हो रहा है, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है। कांकेर अमोडा मार्ग पर चल रहे सड़क और पुलिया निर्माण कार्य को लेकर भी कांग्रेस ने सवाल खड़े किए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यहां भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है और भारी भ्रष्टाचार हुआ है।



### धरने में ये कांग्रेसी हुए शामिल

इस दौरान मांडवी दीक्षित, मिथलेश शोरी, रोहिदास शोरी, हलाल नेताम, सरजू शोरी, प्यारी सलाम, दिनेश कुमार पटेल, बाबूलाल साहू, कमलेश कुमार कोमरा, योगेश राजपूत, संतराम मरकाम, टकेश्वर सिन्हा, फांगेश्वरी सिन्हा, अनिता यादव, गीता बेसरा, महेश साहू, मनीराम सिन्हा, प्रकाश द्विवेदी, मुकेश कुमार राय, महेंद्र कुमार नायक, सत्यार्थ करायत, सुरेश कुमार नाग, विनय ठाकुर, खोमेंद्र उइके, मृत्युज्य साहू, तारस सिन्हा, विकास कुमार मंडावी, शिव सोनवानी, सुरेंद्र, संजय नागराज, निशांत साहू, तोरण, मुकेश कुमार मंडावी, विजेंद्र, विशाल ठाकुर, लोकेश कुमार विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार कुंजाम सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अज्ञात कारणों से बुजुर्ग की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत उदय नगर कांकेर निवासी 62 वर्षीय कमलेश्वर रामटेके पिता काशीनाथ का अज्ञात कारणों के चलते 22 मार्च को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। अज्ञात कारणों के चलते उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## दो हफ्ते बाद जागा सिस्टम, बनाया पंचनामा

# 30 एकड़ हरियाली पर चला जेसीबी, प्रशासन ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

तहसील दुर्गूकोंदल के ग्राम सिवनी में विकास के नाम पर पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। यहां लगभग 30 एकड़ जमीन पर खड़े सैकड़ों हरे-भरे पेड़ों को जेसीबी मशीनों से उखाड़कर समतल कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा कार्य पिछले दो हफ्तों से चलता रहा, लेकिन जिम्मेदार वन और राजस्व विभाग को इसकी जानकारी तक नहीं हो सकी।

भिलाई के लाइट इंडस्ट्रियल एरिया की एक फर्म ने ग्राम सिवनी में खसरा नंबर 183 की लगभग 12.20 हेक्टेयर करीब 30 एकड़ जमीन खरीदी है। इसी जमीन पर मौजूद पुराने और फलदार सैकड़ों पेड़ों को दो जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टरों के माध्यम से उखाड़ दिया गया। पेड़ों को हटाकर उनकी लकड़ियों को ट्रैक्टरों से बाहर भी भेजा गया। पूरा मामला तब सामने आया जब पेड़ उखाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद वन विभाग और राजस्व विभाग हरकत में आए और मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में 150 से अधिक पेड़ों के उखाड़े जाने की पुष्टि हुई है। नियमों के अनुसार निजी भूमि पर भी पेड़ काटने या उखाड़ने के लिए वन एवं राजस्व विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। इस मामले में किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई, जो सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब दो हफ्तों तक लगातार जेसीबी मशीनें चलती रहीं और ट्रैक्टरों से लकड़ी ढोई जाती रही, तो स्थानीय स्तर पर इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई। इसको लेकर मैदानी अमले की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। संभावित लापरवाही या मिलीभगत की चर्चा तेज है। फिलहाल प्रशासन ने पंचनामा तैयार कर जांच शुरू कर दी है।



